विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग की बोर्ड आफ एक्जामिनेशन की दिनांक 21/11/2023 को (अपरान्ह 3.00 बजे) सम्पन्न 23वी बैठक का कार्य–वृत्त।

उक्त बैठक मे निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए:–

1. प्रो0 प्रदीप कुमार –परीक्षा नियंत्रक
2. प्रो0 अनिता यादव– अतिरिक्त परीक्षा नियंत्रक
3. प्रो0 प्रभात वर्मा– उप परीक्षा नियंत्रक
4. प्रो0 पी0के0एस0 यादव– विभागाध्यक्ष
5. डा0 एस0वी0ए0आर0 शास्त्री– एसो0 प्रोफेसर
6. डा0 यू0पी0 सिंह – एसो0 प्रोफेसर
7. डा0 राशि अग्रवाल– एसो0 प्रोफेसर
8. प्रो0 विनय प्रताप सिंह– उप परीक्षा नियंत्रक/सदस्य सचिव
9. प्रो0 ललित कुमार सिंह– अधिष्ठाता, शैक्षिक किया कलाप– विशेष आमंत्रित

**विन्दु संख्या –01**

विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में अध्ययनरत शोधार्थियों के विवरण एवं विषयों को समय से जानकारी उपलब्ध कराने हेतु।

**निर्णयः**– परिषद ने विचारोपरान्त उक्त विषय पर यह निर्णय लिया कि विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में अध्ययनरत शोधार्थियों के विवरण परीक्षा प्रारम्भ होने के पूर्व अधिष्ठाता शोध एवं विकास को पत्र भेजा जाय कि सम्बन्धित विभागों के विभागाध्यक्षों से उक्त विषय से सम्बन्धित जानकारी प्राप्त कर परीक्षा विभाग को उपलब्ध कराया जाये।

**विन्दु संख्या –02**

विश्वविद्यालय में संचालित समस्त विषयों के विषय कोड/विषय नाम सही तरीके से समस्त विभागो द्वारा विश्वविद्यालय की निर्धारित वेवसाइड पर अंकित कराने हेतु।

**निर्णयः**– परिषद द्वारा विन्दु संख्या 02 पर यह निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय द्वारा संचालित बेवसाइट पर समस्त विषयो के विषय कोड/विषय नाम एवं सभी कोर्स स्ट्क्चर/पाठ्यक्रमों को सही तरीके से अपलोड करने हेतु अधिष्ठाता शैक्षिक किया–कलाप को पत्र भेजा जाय।

**विन्दु संख्या –03**

मध्य सेमेस्टर परीक्षा एवं अन्तिम सेमेस्टर परीक्षा के लिए विषय प्रश्न पत्र का प्रारूप पर विचार एवं संशोधन।

**निर्णयः**– परिषद द्वारा निर्णय लिया गया कि प्रश्नपत्र प्रोफार्मा में निम्नलिखत परिवर्तन किया जाय। **(अनुलग्नक–1+1)**

(1) मिड सेमेस्टर प्रश्नपत्र में CO स्टेटमेन्ट हटा दिया जाये।

(2) मूल्यांकित उत्तरपुरितकाओं को दिखाने की तिथि प्रश्नपत्र के अन्त में दर्ज किया जाये।

संशोधित प्रारूप संलग्न कर अधिष्ठाता, शैक्षिक किया कलाप को पत्र भेजा जाये।

**विन्दु संख्या –04**

परीक्षा ड्यूटी के लिए कक्ष निरीक्षको के देर से रिपोर्टिंग और अन्य मुद्दों पर विचार विमर्श के सम्बन्ध में। (दूरभाष का उपयोग/निरीक्षण में ढिलाई) पर विचार।

**निर्णयः**– परिषद द्वारा निर्णय लिया गया कि उपरोक्त का कड़ाई से अनुपालन करने हेतु समस्त विभागाध्यक्षों को पत्र द्वारा सूचित किया जाये।

**विन्दु संख्या –05**

सत्र 2023–24 के लिए पी0एच0डी0 उपाधि प्रारूप के अनुमोदन पर विचार।

Scanned with CamScanner

निर्णयः– परिषद द्वारा निर्णय लिया गया कि पी0एच0डी0 उपाधि में फील्ड के स्थान पर विभाग अंकित किया जाये। उक्त के संदर्भ में अधिष्ठाता शैक्षिक किया कलाप को पत्र में संशोधित प्रारूप भेजा जाये। (अनुलग्नक–02)

विन्दु संख्या –06

सम्बन्धित विषय के मूल्यांकनकर्ता द्वारा CO-PO-PSO उपलब्धि पर विचार विमर्श।

निर्णयः– परिषद द्वारा निर्णय लिया गया कि CO-PO-PSO निर्धारित प्रारूप में अटेन्मेन्ट उपलब्ध कराने हेतु सभी विभागाध्यक्षों को पत्र भेजा जाये, इसके अतिरिक्त उक्त प्रारूप को ERP के माध्यम से करवाने हेतु अधिष्ठाता शैक्षिक कियाकलाप अथवा सम्बन्धित को पत्र भेजा जाये।

विन्दु संख्या –07

अधिष्ठाता शैक्षिक किया–कलाप कार्यालय द्वारा डिग्री डेटा के लिए हिन्दी/अंग्रेजी नाम/वर्तनीय और उचित फोटो में शून्य त्रुटि सुनिश्चित करने पर विचार–विमर्श।

निर्णयः– परिषद द्वारा निर्णय लिया गया कि उपरोक्त कार्यवाही हेतु अधिष्ठाता शैक्षिक किया कलाप को पत्र भेजा जाये।

विन्दु संख्या –08

अन्तिम सेमेस्टर परीक्षा और मध्य सेमेस्टर परीक्षाओं के संदर्भ के लिए अच्छे प्रश्न–पत्रों को तैयार करने के नियमों पर विचार–विमर्श। (सदर्भः डीटीयू के दिशानिर्देशानुसार)

निर्णयः– परिषद द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि उपरोक्त विषय पर पुर्नविचार किया जाय।

विन्दु संख्या –09

यदि किसी छात्र–छात्रा द्वारा अचानक अपनी तबियत खराब होने के सम्बन्ध में डाक्टर की परामर्श के अनुसार सूचना/अवगत कराता है के संदर्भ में निम्नलिखित बीमारियों पर विचार।

1- Dyslexia, dysgraphia:
2- Dysgraphia:
3- Hearing impairment:
4- Partial blindness:
5- Complete blindness:
6- Physical disability:

निर्णयः– परिषद द्वारा निर्णय लिया गया कि उपरोक्त विषय पर मा0 कुलपति महोदय द्वारा लिया गया निर्णय मान्य होगा।

विन्दु संख्या –10

ABC ID पर विचार।

निर्णयः– परिषद द्वारा निर्णय लिया गया कि ए0बी0सी0 आई0डी0 डेटा ERP आपरेटर द्वारा दर्ज/चेकिंग किया जाये, इस हेतु ERP प्रभारी को पत्र भेजा जाये।

Scanned with CamScanner

विन्दु संख्या –11

छात्रों के लिए कैरीओवर विषयों में ग्रेड प्वांन्ट हेतु अतिरिक्त व्यवस्था हेतु प्रस्ताव पर विचार।

**निर्णयः–** परिषद द्वारा निर्णय लिया गया कि जिन विषयों में छात्र फेल हो जाते है। उक्त विषय के परीक्षाफल में शून्य ग्रेड मिलते है। ऐसी स्थिति में सम्बन्धित छात्रों को (Year Back) फेल होने से बचाव हेतु सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए सम्बन्धित विषयों में छात्र–छात्राओं के लिए निम्नलिखित ग्रेड प्वांन्ट की व्यवस्था की जाये।

| कैरीओवर के विषय में प्राप्तांक | ग्रेड प्वांन्ट |
|---|---|
| 40–30 | 3 |
| 30–20 | 2 |
| 20–10 | 1 |
| 10–0 | 0 |

विन्दु संख्या –12

विश्वविद्यालय में समय–समय पर होने वाली समस्त परीक्षाओं को सम्पन्न कराने हेतु सम्बन्धित शिक्षकों द्वारा प्रश्नपत्र. तैयार करने एवं उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करने हेतु उनके रेमुनरेशन/पारश्रमिक के भुगतान पर विचार।

**निर्णयः–** परिषद द्वारा निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय में समय–समय पर होने वाली समस्त परीक्षाओं को सम्पन्न कराने हेतु सम्बन्धित शिक्षकों द्वारा प्रश्नपत्र. तैयार करने एवं उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन समाप्त होने के पश्चात उक्त सभी का रेमुनरेशन/पारश्रमिक परीक्षा विभाग द्वारा एक साथ तैयार कर, परीक्षा नियंत्रक से प्रमाणित कराने के उपरान्त भुगतान हेतु लेखा विभाग को प्रेषित किया जाये।

बैठक के अन्त में सभी सदस्यों ने अध्ययक्ष महोदय को धन्यवाद देते हुए बैठक को समाप्त किया गया।

(प्रो0 विनय प्रताप सिंह)
उप परीक्षा नियंत्रक
सदस्य–सचिव

(प्रो0 प्रभात वर्मा)
उप परीक्षा नियंत्रक
सदस्य– बी0ओ0ई0

(प्रो0 अनिता यादव)
अति0 परीक्षा नियंत्रक
सदस्य– बी0ओ0ई0

Praveen
(प्रो0 पी0के0एस0 यादव)
सदस्य– बी0ओ0ई0

(डा0 राशि अग्रवाल)
सदस्य– बी0ओ0ई0

(डा0 एस0वी0ए0आर0 शास्त्री)
सदस्य– बी0ओ0ई0

(डा0 यू0पी0 सिंह)
सदस्य– बी0ओ0ई0

Approved

(प्रो0 प्रदीप कुमार)
परीक्षा नियंत्रक
अध्यक्ष, बी0ओ0ई0

Scanned with CamScanner